


# रांची लोकसभा क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों के मतदाताओं में लोकतंत्र के महापर्व का उत्साह देखने को मिला। सभी मतदान केंद्रों पर लोग लाइन लगाकर मतदान के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। रांची लोकसभा अंतर्गत हटिया विस क्षेत्र में सुबह 6:00 बजे से ही वोटरों की लंबी कतार लग गयी थी। सुबह 7:00 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू होने के बाद लोगों में उत्साह चरण पर दिखा। कई बूथ पर महिलाओं एवं पुरुषों की अलग-अलग लंबी लाइन लगी हुई थी।

पहले मतदान फिर जलपान की तर्ज पर सुबह से ही लोग मतदान के लिए अपने घरों से निकल पड़े थे। हटिया विधानसभा के तहत उसुर्लाइन गर्ल्स स्कूल में मतदान के लिए पांच बूथ थे। सीनियर सिटीजन के लिए मतदान केंद्र में जल्द से जल्द मतदान दिलाने के लिए व्यवस्था थी। उन्हें बगैर लाइन में लगे हुए मतदान करने की सुविधा दी थी। गर्मी को देखते हुए लोग सुबह में ही मतदान करना ज्यादा बेहतर समझ रहे थे। इस तरह की व्यवस्था पूरे रांची लोकसभा क्षेत्र में थी।

बूथ लेवल अधिकारी बूथों पर वैसे मतदाताओं को मतदान पर्ची उपलब्ध कराते रहे जिन्हें यह नहीं मिल सका था। बूथों पर पेयजल की अच्छी व्यवस्था देखने को मिली। हालांकि मतदान केंद्रों के बाहर विभिन्न पार्टी के कार्यकर्ता भी लोगों को मतदान पर्ची उपलब्ध करा रहे थे।

इधर मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम था। मतदान केंद्र पर कुछ लोग अपने नाम न होने से परेशान दिखे- अपने मतदान केंद्रों की सही जानकारी नहीं होने को लेकर कई लोग इधर-उधर भटकते दिखे।

## राजधानी में मतदाताओं का उत्साह












## यश, उत्कर्ष, श्रेय और आकाश ने पहली बार डाला वोट

**रांची।** बेंगलुरु में एलएलबी की पढ़ाई कर रहे उत्कर्ष राज, बीआईटी मेसरा के यश राज, नोयडा से एलएलबी कर रहे श्रेय और आयू से मास कॉम कर रहे आकाश और सीयूजे में अध्ययनरत शिवांगी ने अपने जीवन का पहला वोट शानिवार को रांची लोकसभा चुनाव के लिए सीटीआई में डाला। 18 वर्ष की मतदान आयु पूरी करने के बाद इनके लिए यह पहला चुनाव था। सभी युवा वोटर्स पहला वोट देने को उत्साहित थे। वोट देने के बाद सभी ने कहा कि मतदान से बहुत खुशी हुई और सभी को हर हाल




में अनिवार्य रूप से अपने संविधान प्रदत्त मताधिकार का प्रयोग करना चाहिये। मतदान हॉल से बाहर निकलने के बाद लोगों को वोट के लिए प्रेरित किया।

### अर्थ प्रताप की पहली वोटिंग



**रांची।** बरियातू का अर्थ प्रताप सिंह ने पहली बार वोट किया। काफी प्रसन्न था। उसने वोट करने का अनुभव साझा किया। बताया कि आज उसे कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते और ईवीएम के पहुंचकर वोट करने का सुखद एहसास हुआ।

### रास सांसद आदित्य साहू ने किया मतदान




**रांची।** ओरमांझी प्रखंड में लोकतंत्र के महापर्व को लेकर मतदाताओं में उत्साह रहा। इसी क्रम में भाजपा के राज्यसभा सांसद ने अपने गांव कुच्चू में मतदान किया और लोगों से भी वोटिंग की अपील की।

### आदित्य विक्रम ने किया मतदान



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि एवं प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने शनिवार को संविधान और लोकतंत्र की मजबूती के लिए राजधानी के डीएवी नंदराज स्कूल में अपना मतदान किया। उन्होंने कहा कि भारत के लोकतंत्र और संविधान को मजबूत करने के लिए हर किसी को मतदान कर अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना होता है। मैंने आज देश व राज्य के विकास के लिए मतदान किया।

### के रवि कुमार ने किया मताधिकार का प्रयोग



### नेहा अरोड़ा ने भी डाला अपना वोट




### जिला निर्वाची पदाधिकारी सह डीसी ने वोट डाला, किया प्रेरित




**रांची।** निर्वाची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने ज्ञान सिंधु विद्या मंदिर, पुंदाग स्थित मतदान केंद्र में अपना वोट डाला। पंक्ति में अपनी बारी का इंतजार करते हुए राहुल कुमार सिन्हा ने लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

### एसएसपी ने पत्नी के साथ लाइन में लगकर किया मतदान



रांची। रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने पत्नी कंचन सिंह के साथ लाइन में लगकर बरियातू के राजकीय कन्या उच्च विद्यालय के कमरा संख्या 6 में मतदान किया। इस दौरान दोनों ने रांची वासियों से अपील की कि प्रत्येक मतदाता अवश्य मतदान के लिए मतदान केंद्र पर आएं और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने की बात कही।

## दो परिवार के सदस्यों ने एक साथ डाला वोट

**रांची।** चर्च रोड स्थित बलदेव सहाय लेने के मुनिंद्र प्रसाद सिंह समेत दो परिवार के सदस्यों ने एक साथ चर्च रोड के एक मतदान केंद्र पर फैमिली वोटिंग की। इनमें बैंक कर्मी, सरकारी सेवक और अधिवक्ता शामिल हैं। दोनों परिवारों में दो से तीन पुश्त के सदस्य शामिल हुए। युवा वोटर्स अपने माता-पिता और दादा-दादी



के साथ मतदान केंद्र पर वोट देने पहुंचे थे। सभी ने वोट करने के बाद लोगों को भी वोट करने को प्रेरित किया।

## लोकतंत्र के सच्चे सिपाही






# कड़ी धूप में कई मतदाताओं को हो रही थी परेशानी एसएसपी ने पुलिस लाइन से मंगवाकर लगवाया टेंट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची लोकसभा चुनाव के दौरान शनिवार को कांके रोड स्थित जवाहर नगर में बूथ केंद्र संख्या 340 पर धूप में मतदाताओं को काफी परेशानी हो रही थी। मतदाताओं की परेशानी को देखते हुए एसएसपी चंदन सिन्हा ने रांची पुलिस लाइन से टेंट मंगवाकर बूथ पर लगाने का निर्देश दिया। टेंट लगने के बाद लोगों को धूप से राहत मिली और मतदाता लाइन में लगकर वोटिंग किया।



**हिंदपीढ़ी इलाके के संवेदनशील बूथों का किया निरीक्षण** : पुलिस ऑब्जर्वर, रांची एसएसपी और कोतवाली डीएसपी ने हिंदपीढ़ी इलाके में संवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया। सभी अधिकारियों ने इस्लामिया मरकज, उर्दू विद्यालय सहित अन्य संवेदनशील बूथों के निरीक्षण किया। साथ ही बूथों पर तैनात जवानों को कई दिशा-निर्देश भी दिये।

# ओरमांझी में वोटरों का उत्साह चरम पर, 81 % मतदान

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं व नये वोटरों में मतदान के प्रति काफी उत्साह देखा गया। प्रखंड क्षेत्र में लगभाग 81 प्रतिषत मतदान हुआ। 18 वर्ष से उपर के पहली बार वोट करने बुथ पहुंचे नये वोटरों में मतदान करने को लेकर काफी उत्साह देखा गया। क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रो पर नये वोटार मतदान करने पहुंच रहे थें। लाइन में लगे व वोट देने के बाद नये वोटर सेल्फी ले रहे थें। राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू व पूर्व सांसद रामटहल चौधरी दोनो ने अपने पैतृक गांव कुच्चू में मतदान किया। आदित्य साहू अपनी पत्नी बेटा व स्वजनों के साथ वोट देने पहुंचे थें। वोट देने के बाद उन्होने विक्ट्री साइन दिखाया और भारी मतो से भाजपा की जीत का दावा किया। वहीं रामटहल चौधरी ने वोट देने के बाद मतदान के लिए लोगों की उत्साह देख कर हर्ष जताया। इससे पूर्व मतदान शुरू होने के कुछ देर बाद ही कुच्चू के मतदान केंद्र 17 का एवीएम खराब हो गया। जिसके कारण मतदान रूक जाने से मतदाताओं की लंबी लाईन लग गई थी। बाद में एवीएम ठिक होने के बाद मतदान शुरू हुआ। वहीं मंदरों के मतदान केंद्र संख्या 12 में मतदान शुरू होते ही एवीएम लॉक हो गया था। वहां के दो व मतदान केंद्र 45 के एक एवीएम बदला गया। जिसके बाद मतदान शुरू हुई। इसके अलावे मतदान समाप्त होने के बाद रउताजर चंदरा के बुथ संख्या चार में भी मतदान कर्मी से विवाद हो गया था। बाद में प्रषासन द्वारा मामला शांत कराया।

**हल्वादी में 92 व कुटे में 49 प्रतिषत मतदान :** सबसे अधिक मतदान हलवादी की बुथ संख्या 58 में 92 प्रतिषत मतदान हुआ है। जबकि सबसे कम मतदान कुटे की बुथ संख्या 80 में 49 प्रतिषत मतदान दर्ज किया गया। मतदाता समय से पूर्व सुबह 6:30 बजे से ही कई मतदान केंद्रों में पहुंच गए थें। क्षेत्र के ज्यादात मतदान केंद्र में समय से मतदान शुरू हो गई थी। शुरू में मतदान की गति थोड़ी धिमी रही, फिर धिरे-धिरे मतदान की गति में तेजी आती गई। सुबह नौ बजे तक 13 प्रतिषत के मतदान हुआ था। जिसके बाद गति पकड़ी, 11 बजे तक 32 प्रतिशत, 12 बजे तक 40 प्रतिषत तक मतदान हुई। वहीं एक बजे तक 51 प्रतिषत, तीन बजे तक लगभग 68 प्रतिशत तक मतदान हो गया था। चार बजे के बाद थोड़ी धूप कम होते ही एक बार फिर बुथों में मतदाताओं की लाइन लगी थी अंतिम समय समाप्त होते होते 81 प्रतिशत मतदान हुआ। क्षेत्र के कई बुथ में वृद्ध वोटर भी अपना मताधिकर को प्रयोग करने पहुंचे थें। कुच्चू के बुथ संख्या 17 में लगभग 90 वर्षीय मुटेर देवी व्हील चेयर से मतदान करने पहुंची थी। वहीं लगभग 100 वर्षीय विलाशों देवी मतदान करने के बाद काफी खुश दिखी।



वोट देने के बाद विक्ट्री साइन दिखते आदित्य साहू।



ओरमांझी के बुथ में लगी मतदाताओं की लाइन।

## सिकिदिरी में शांति पूर्ण रहा मतदान, कुल 78 % वोट पड़े

**अनगड़ा।** अनगड़ा प्रखंड में मतदान शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। कुल 78 % मतदान होने कि जानकारी बीडीओ जयपाल सोय व सीओ राजू कमल ने दी । सुबह कई बूथों में साढ़े पांच बजे तो कई बूथों में सुबह छह बजे से ही मतदाता कतार में खड़े नजर आए। भीषण गर्मी के वावजूद मतदाता अपनी बारी के इंतजार में दो घंटे तक कतार में इंतजार करते रहे। एक बजे तक करीब 51% मतदान होने के बाद मतदाताओं कि संख्या घटने लगी। इधर मवि सोसो में भी मतदान की गति बहुत धीमी होने की शिकायत मिली। 503/680 पिपराटोली पूर्वी बूथ में 81 फीसदी, पश्चिमी बूथ में 81 फीसदी, मवि सिकिदिरी में 42 फीसदी,प्रावि हरातू में 78 फीसदी व हेसातु पंचायत भवन के बूथ में 73 फीसदी मतदान हुआ। मोबाइल से बात कर रहे मतदाता को पुलिस ने लगाया थप्पड़। टूटा मोबाइल, नाराज ग्रामीणों ने किया हंगामा, एक घंटा बाधित रहा मतदान : प्रखंड के नवागढ पंचायत सचिवालय के बूथ नंबर 156 में सुबह करीब साढ़े सात बजे वोट देकर बाहर निकल रहे नवागढ़ के युवक बीरेंद्र हजाम के मोबाइल पर एक फोन आया। फोन आने के बाद वह फोन पर बात करने लगा। इसी दौरान ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने उसे थप्पड़ जड़ दिया। इस दौरान बीरेंद्र का मोबाइल फोन गिरकर टूट गया। पुलिस के इस व्यवहार से नाराज ग्रामीण एकजुट होकर हंगामा करने लगे। मामला बढ़ता देख अन्य पुलिस कर्मियों ने उक्त पुलिस कर्मी को वहां से हटाकर एक कमरे में बंद कर दिया। इसकी सूचना सिकिदिरी थाना प्रभारी दीपक सिन्हा को दी गई। तत्काल सिकिदिरी थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझाकार मामला शांत कराया और उक्त पुलिसकर्मी को वहां से हटा दिया। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए। इस दौरान करीब एक घंटे तक मतदान रुका रहा।

## नामकुम में 70.41 प्रतिशत वोटिंग

खबर मन्त्र संवाददाता



**नामकुम।** लोकतंत्र का महापर्व शनिवार को नामकुम के विभिन्न मतदान केन्द्रो पर शंतिपूण तरीके से समपन्न हो गया। प्रखण्ड के रिर्काड 70,41 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या 41351 तथा पुरूस मतदाताओं की संख्या 39665 रही। महिलाओं के मतदान का प्रतिशत 70,48 एंव पुरूसों का 70,34 प्रतिषत रहा। मुख्य निवार्ची पदाधिकारी प्रभात भूसन सिंह ने बताया कि प्रखण्ड क्षेत्र में कुल 70,41 प्रतिषत पूर्णतः षांतिपूर्ण तरीके से समपन्न हो गया। सेक्टर 105 के बूथ संख्या 256 पर सर्वाधिक 87,63प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं सेक्टर संख्या 92 के बूथ संख्या 183 पर सबसे कम 36,61 प्रतिशत मतदान हुआ।

**सुबह सात बजे से ही मतदान केन्द पहुंचने लगे थे, मतदाता :** सुबह सात बजे से ही तज धाूप और गर्मी के बावजूद मतदाता मतदान केन्द्र पर पहुंचने लगे थे। हालांकि अन्य चुनावों की अपेक्षा मतदाओं का रूझान कम देखा गया। लगभग सभी मतदान केन्दों पर देर शाम तक मतदाता पहुंचते रहे।

**बडी संख्या में मतदान केन्द्रो पर नंही बैठे थे भाजपा के ऐजेन्ट :** प्रखण्ड के बडी संख्या में मतदान केन्द्रो पर भाजपा के ऐजेन्ट नादारत थे। मुख्यतः कव्वाली,कोलाद बंधुवा,पुराना रामपुर, राजाउलातु, हहाप, गरूडपीडी, लाली सहित महिलौंग के कुछ बूथों पर भाजपा के ऐजेन्ट नहीं थे। बताया जा रहा है कि लाली और महिलौंग में जेबीकेएसएस के पक्ष में तथा अन्य जगहो पर कांग्रेस के कार्यकर्त्ता और वोटर बडी संख्या में पहुंचे और मतदान किया।

## राहे में शांतिपूर्ण ढंग से भारी मतदान

खबर मन्त्र संवाददाता



**सोनाहातू/राहे।** रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सिल्ली विधानसभा के सोनाहातू और राहे प्रखंड में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। मतदाताओं ने उत्साह के साथ सुबह 7 बजे से ही बूथों में कतार में खड़े रहे। मतदान केंद्र में सुबह से ही लंबी कतार देखी गई। नए युवा वोटर उत्सुकता के साथ अपना मतदान का प्रयोग किया। बुजुर्ग मतदाता भी बढ़ चढ़कर मतदान किया। प्रखंड कार्यालय के अनुसार शाम तक राहे प्रखंड में 75.22 प्रतिशत तथा सोनाहातू प्रखंड में 76.20 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें पुरुष 236790 तथा महिला 23569 वोटिंग किया। सबसे अधिक मतदान बुथ 252 कोंकाडीह में 88.33 सबसे कम 277 बुथ पापरीदा में 62.50 प्रतिशत हुआ। मतदान केन्द्रों में दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी, उनके लिए व्हील चेयर रखी गई थी। बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी के साथ अपर दंडाधिकारियों ,राहे के प्रभारी सीओ मनोज महथा,थाना प्रभारी फैज रब्बानी ,सोनाहातू बीडीओ खगेश कुमार,इंस्पेटर रविंद्र सिंह,थाना प्रभारी चंदन कुमार ने पूरे दिन बूथ का दौरा कर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराया। एसडीएम मोहनलाल मरांडी ने बताया कि शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में प्रशासन ,पुलिस और जनता ने सहयोग किया है। मतदान देने के लिए लोगों ने भारी उत्साह दिखाया है। राहे प्रखंड के बूथ फुलवार ,बूथ 173 राहे आधे घंटे बाद मतदान प्रारंभ हुई थी। बुथ 184 कापीडीह में तकनीकी खराबी के कारण एक घंटा मतदान रुका था।सोनाहातू प्रखंड के कुड़ियामु बुथ में तकनीकी गड़बड़ी के कारण 2 घण्टे के बाद मतदान प्रारंभ हुआ।ग्रामीणों ने बताया कि इस दौरान ग्रामीणों काफी आक्रोश में थे। एडरमहातू बुथ में भी आधे घंटे बाद मतदान प्रारंभ हुई थी। शांतिपूर्ण मतदान करने में राहे प्रखंड में हर बूथ पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात थे। एक कंपनी अर्धसैनिक बल तैनात थे। सोनाहातू प्रखंड में दो कंपनी अर्धसैनिक बल तैनात थे। मतदान के दौरान सोनाहातू और राहे में 10 डॉक्टर की टीम 63 एएनएम 135 सहिया और 5 एंबुलेंस तैनात किए गए थे। सोनाहातू प्रखंड के डोमाडीह बूथ 231 में एक पुलिसकर्मी हाई प्रेशर के कारण बेहोश हुआ था। वही प्रखंड के सावडीह बूथ 276 में एक मतदाता भीषण गर्मी के कारण बेहोश हुआ था। चिकित्सकों की टीम ने प्राथमिक उपचार किया। इसके पूर्व क्लस्टर पर मतदान कर्मियों की प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच डॉक्टरों की टीम ने की । सोनाहातू प्रखंड के 10 बुथ में शाम 6 बजे तक वोटिंग हुआ। राहे प्रखंड तीन बुथ में शाम 7 बजे तक वोटिंग हुआ।

## अनगड़ा के खिजरी व सिल्ली औसतन 78.37 हुआ मतदान



खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** अनगड़ा प्रखंड के विभिन्न मतदान केन्द्रों मतदाताओं में जबरजस्त उत्साह देखा गया सुबह से हीं मतदान केन्द्रों मे मतदाताओं की लम्बी कतार देखी गयी अनगड़ा के सिल्ली विधान सभा और खिजरी विधान सभा के कूल 109 मतदान केन्द्रों में औसतन 78.37 फीसदी मतदान होने की सूचना है। 61 सिल्ली विधान सभा क्षेत्र में पड़ने वाले 31 मतदान केन्द्रों 77.5 फीसदी मतदान होने की सूचना है। इन मतदान केन्द्रों में कूल 21387 मतदाताओं में से 16594 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया इनमे 8529 महिला मतदाता तथा 8065 पुरुष मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया । मतदान केन्द्र संख्यां 19 उत्क्रमित मध्य विद्यालय चुकडू बाहा में सबसे अधिक 85 फीशदी तथा मतदान केन्द्र संख्यां 15 में सबसे कम 67 फीसदी मत पड़े । जबकि 62 खिजरी विधान सभा के 78 मतदान केन्द्रों के कूल मतदाताओं 65954 में से52265 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किए इनमे26292महिला तथा25973 पुरुष मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किए मतदान केन्द्र 126 में सबसे अधिक 92.21 फीशदी मत पड़े जबकि सबसे कम बूथ संख्यां 151 स्वर्णरेखा जल विद्युत्त परियोजना स्कूल में 42.56 फीशदी मत पड़े सभी मतदान केन्द्रों में मतदान शांति पूर्ण रहा । बूथ संख्या 116 उत्क्रमित मध्य विद्यालय बोंगाई बेड़ा तथा बूथ संख्यां 94 उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेड़वारी में शाम 7.30 बजे तक मतदान हुआ।

## नगड़ी प्रखंड में 65 % मतदान

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिस्कानगडी।** लोकसभा चुनाव के छठवें चरण में शनिवार को प्रखंड के कुल 109 मतदान केंद्र पर भी संपन्न हुआ। सिलसिला की धूप में मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान केंद्र पहुंचे और अपने मत का प्रयोग किया इसके साथ ही भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय सहित सभी प्रत्याशियों की किस्मत इवीएम मशीन में बंद हो गई। नगड़ी प्रखंड में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। प्रखंड के 109 बूथों में कुल कुल 01 लाख 02 हजार 408 मतदाता हैं। जिनमें 51 हजार 310 पुरूष और 51 हजार 95 महिला मतदाता हैं। जिसमें 660565 मतदाताओं (65%) ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मौके पर सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री दीपाली भगत ने कहा कि प्रखंड में प्रखंड के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र मिलाकर कुल 109 बूथ है जिसमें से ग्रामीण क्षेत्र में 61 बूथ केंद्र और नगर निगम क्षेत्र में 48 बूथ केंद्र है सभी बूथ केदो में मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान का प्रयोग किया नगरी के ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता सुबह 6:30 से वोट मतदान देने के लिए लाइन में लग गए थे । सबसे अधिक नगड़ी मिडिल स्कूल मतदान बूथ संख्या 139 में 86% ,141 प्रतिशत 142 में 73% और 143 बूथ संख्या में 74% और बूथ संख्या 144 में 73% मतदान हुआ सबसे कम मतदान मुडमा स्कूल के बूथ संख्या 147 में 57% मतदान हुआ। प्रखंड में मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह दिखा। बुजुर्ग विकलांग और दिव्यांग सभी ने उत्साह के साथ मतदान केंद्र पहुंचे मत का प्रयोग किया सुबह साढ़े ही मतदाता मतदान के चिलचिलाती धूप के बावजूद मतदाता कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। नगड़ी उरांव टोली निवासी 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला शिवानी उरांव ने भी अपने मत का प्रयोग किया। सबसे अधिक देर तक एड़चोरो सरकारी स्कूल बुथ संख्या 115 में साढ़े छः बजे तक मतदान के लिए लाइन में खड़े दिखे।

इधर नगड़ी मिडिल स्कूल में बूथ संख्या 140 में इवीएम खराब हुआ था उसे ठीक कर लिया गया वहीं बूथ संख्या 163 में इवीएम एवम वीवीपैट मशीन में खराबी आई जिसे बदल दिया गया । इधर नगड़ी के अंचलाधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव तथा नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार राय अपने पूरे टीम के साथ दिन भर चुनाव को सफल बनाने में लग रहे।

# खलारी के कुल 60 बूथों पर मतदान सिर्फ 60. 12 प्रतिशत रहा

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** रांची संसदीय क्षेत्र झारखंड के महत्वपूर्ण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक खलारी प्रखण्ड के कुल 60 बूथों पर जमकर वोटिंग किया गया। प्रखंड क्षेत्र में इस बार बहुत से नए युवक युक्तियों ने भी पहला मत देकर मतदान किया। प्रखण्ड के 60 बूथों पर सुबह 7 बजे से लेकर 5 बजे का मतदान सिर्फ 60. 12336 प्रतिशत ही हो पाया। वही प्रखंड क्षेत्र के बूथ न01 लापरा वोट पडे 841, मतदान प्रतिशत 69.47, बूथ संख्या 2 में मत पडे 784 मतदान प्रतिशत 66.22, बूथ संख्या 3 आदर्श उच्च विद्यालय हेसालौंग मत पडे 619 मतदान प्रतिशत 70.18, बूथ संख्या 4 आदर्श उच्च विद्यालय हेसालौंग मत पडे 762 मतदान प्रतिशत 64.85, बूथ संख्या 5 उत्क्रमित मध्य विद्यालय नावाडीह वोट पडे 788 मत प्रतिशत 72.90, बूथ संख्या 6 सरस्वती शिशु मंदिर अशोक विहार कॉलोनी, तुमांग मत पडे 439 मत प्रतिशत 47.36, बूथ संख्या 7 सरस्वती शिशु मंदिर अशोक विहार कॉलोनी, तुमांग मध्य मत पडे 375 मत प्रतिशत 45.40, बूथ संख्या 8 सरस्वती शिशु मंदिर अशोक विहार कॉलोनी, तुमांग (पश्चिम भाग) मत प्रतिशत मतदान 39. 27 प्रतिशत, बूथ संख्या 9 सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा मत पडे 699 मत प्रतिशत 56. 60, बूथ संख्या 10 प्राथमिक विद्यालय मायापुर क्रमांक-1 मत पड़े 541 मत प्रतिशत 76. 20, बूथ संख्या 11 प्राथमिक विद्यालय मायापुर ,मत पडे 531 मत प्रतिशत 74.68, बूथ संख्या 12 ग्राम पंचायत कार्यालय कोनका (पूर्वी भाग)मत पडे 670 मत प्रतिशत 71.28, बूथ संख्या 13 ग्राम पंचायत कार्यालय कोनका (पश्चिम भाग) मत पडे 468 मत प्रतिशत 68.42,बूथ संख्या 14 सरकार. अपग्रेडेड एम.एस. दुल्ली मत पडे 502 मत प्रतिशत 70.80 सहित अन्य 60 बूथों कही कम तो कही ज्यादा मतदान किया गया। इस लोकसभा चुनाव में सबसे कम मतदान मतदान 39. 27 प्रतिशत बुथ संख्या 8 तुमांग पंचायत का रहा। मतदाता सुबह से ही मतदान प्रचंड गर्मी के बावजूद मतदाताओं में चरम का उत्साह दिखा। मतदान को लेकर सभी बूथों पर मतदाताओं की भारी भीड़ देखी गई। भीषण गर्मी के बीच लोग छाता लेकर मतदान करने के लिए कतार में लगे रहे।फर्स्ट टाइम वोटर्स में जबर्दस्त उत्साह था। इस दौरान सुबह सवेरे झारखंड विधानसभा के एंग्लो इन्डिय विधायक ग्लेन जोसेफ गालस्टीन ने मैकलुस्कीगंज के लपरा स्थित मतदान केंद्र संख्या 2 में अपना मताधिकार का प्रयोग किया और लोगों से मतदान करने की अपील किया। मतदान शुरू होने के पहले दो घंटे में मतदान बहुत धीमा रहा। वही मतदान के समय खलारी प्रखंड के बूथों पर कही से अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। थाना क्षेत्र में शांति पूर्ण मतदान कराने को लेकर खलारी डीएसपी आर. एन. चौधरी, खलारी इंस्पेक्टर बिजय सिंह, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार निरन्तर मतदान केंद्रों के भ्रमण पर रहे। मतदान केंद्रों में शान्ति पूर्ण मतदान को लेकर सीआरपीएफ, जगुआर व पुलिस के जवानों को लगाया गया था।



## सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मंडा पूजा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**मांडर।** प्रखंड के झिंझरी गांव के बगीचा टाड़ में शुक्रवार को धार्मिक अनुष्ठान व सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मंडा पूजा किया गया। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठानों में लोटन सेवा,धुआं दुआं, फुलखुंदी,व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के विधिवत रूप से फीता काट कर उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने किया। मौके पर सन्नी टोप्पो ने कहा कि मंडा पूजा आस्था का बड़ा महापर्व है। मंडा छोटानागपुर का पारंपरिक पर्व है। यह लोगों को धर्म संस्कृति के साथ एकता के सूत्र में बांधने का काम करता है। उन्होंने कहा कि मंडा पूजा से हमारी संस्कृति व परंपरा जुड़ी है। यह आस्था और भक्ति का प्रतीक है। जलते अंगारों में चल कर लोग अपने अटूट आस्था का परिचय देते हैं।

मंडा पूजा कर लोग गांव की खुशहाली और परिवार की समृद्धि की कामना करते हैं। वहीं शाम से रात भर रंगारंग नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी ग्रामीणों को झुमाने पर विवश कर दिया। मंडा पूजा को सफल बनाने में मंडा पूजा के अध्यक्ष शंकर महतो पुरन्जय महतो,विरेन्द्र महतो,पूर्व जिला परिषद के सदस्य सुनिल उरांव,कंचित साही झिंझरी पंचायत के मुखिया पति सोमरा उरांव, श्रीनाथ साही,मनोहर महतो,रूपेश महतो,बिरसा मिंज मनोज उरांव के साथ समस्त ग्राम वासियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## दो दिवसीय मंडा पूजा सह जेठ जतरा संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** प्रखंड के मोरो गांव में दो दिवसीय मंडा पूजा सह जेठ जतरा शनिवार को झूलन अनुष्ठान के साथ संपन्न हो गया। झूलन अनुष्ठान के दौरान झूलने के क्रम में उपासको द्वारा बरसाए गये फूल को श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। जैसे ही उपासकों को लकड़ी के झुले पर बांध कर झुलाया गया उपस्थित दशार्नार्थियों में उत्साह की लहर दौड़ पडी। हर कोई उपासकों द्वारा बिखेरे गये लोक कल्याण के फूल पाने को दौड़ पड़े। मौके पर मेला का आयोजन किया गया। इससे पूर्व शुक्रवार की रात पटभोक्ताओं द्वारा नगर भ्रमण, धुँआसी, लोटन सेवा व पूजा अनुष्ठान किया गया। इसके बाद देर रात फूलखुन्दी का रस्म पूरा कर शिवभक्ती का परिचय दिया। इधर आदिवासी समाज द्वारा पांच पड़हा समिति के तत्वाधान में जुलूस निकाला गया। जुलूस में मोरो, लोयो, नारी, गढ़गांव व चचगुरा गांव के पड़हा समिति के लोग शामिल हुए। जुलूस में महिला व पुरुष आखरा स्थल से नाचते गाते मंडा पूजा स्थल पहुंचे। जहां सरना झण्डा स्थापित किया गया।

# हैदराबाद और कोलकाता में आज खिताबी भिड़ंत

## आइपीएल इतिहास के दो सबसे महंगे खिलाड़ियों स्टॅार और कमिंस का रहा जलवा, अपनी-अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के फाइनल में रविवार को केकेआर और हैदराबाद के बीच चेन्नई में रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है। इस बार केकेआर तीसरी बार जबकि हैदराबाद दूसरी बार चैंपियन बनने की पूरी कोशिश करेगी। केकेआर आइपीएल में आखिरी बार 2014 में चैपियन बनी थी और अब 9 साल के बाद इस टीम के पास खिताबी जीत हासिल करने का मौका है तो वहीं 2016 में चैंपियन बनने वाली हैदराबाद के पास दूसरी बार चैंपियन बनने का मौका 7 साल के बाद है। जाहिर है इस गोल्डन चांस को कोई भी कप्तान गंवाना नहीं चाहेगा, लेकिन अब तक के आंकड़ों पर नजर डालें तो उसमें केकेआर पूरी तरह से हैदराबाद पर हावी नजर आती है।

### हैदराबाद पर हावी है केकेआर

आइपीएल में अब तक केकेआर और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच 27 बार भिड़ंत हुई है। इन मैचों में केकेआर ने को 18 बार जीत मिली है जबकि हैदराबाद को 9 मैचों में जीत मिली थी। दोनों टीमों के बीच ये आंकड़ा एक बड़ा अंतर पैदा करता है और पूरी तरह से साफ हो जाता है कि केकेआर हैदराबाद पर अब तक किस कदर हावी रही है। ये आंकड़ा केकेआर के लिए मनोवैज्ञानिक बढ़त देने वाला होगा और जब ये टीम मैदान पर उतरेगी तो इससे उन्हें फायदा जरूर होगा। वहीं इस लीग में केकेआर के खिलाफ हैदराबाद का बेस्ट स्कोर 228 रन है जबकि हैदराबाद के खिलाफ केकेआर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 208 रन रहा है।

### इस सीजन में कमिंस दो बार खा चुके हैं मात

आइपीएल 2024 के फाइनल मैच से पहले केकेआर और हैदराबाद की टीम के बीच तो मैच खेले गए थे और दोनों ही बार केकेआर को जीत मिली है। दोनों टीमों के बीच इस सीजन का पहला मैच 23 मार्च को खेला गया था जिसमें केकेआर को 4 रन से जीत मिली थी। इसके बाद दोनों टीमों के बीच क्वालिफायर वन में भिड़ंत हुए थी जहां केकेआर ने हैदराबाद को 21 मई को 8 विकेट से हराया था। यानी ये तो साफ है कि केकेआर के खिलाफ पहले दो मुकाबले गंवा चुकी हैदराबाद के लिए इस टीम पर पार पाना आसान नहीं होगा।

## अय्यर-कमिंस ने आइपीएल ट्रॉफी के साथ कराया फोटोशूट, चेन्नई की सड़कों पर दिखा शानदार नजारा

**नयी दिल्ली।** आइपीएल 2024 का फाइनल कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाने वाला है। उससे पहले दोनों टीमों के कप्तानों ने आइपीएल 2024 की ट्रॉफी के साथ फोटोशूट कराया है। इस फोटोशूट में कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस नजर आ रहे हैं। इन दोनों के बीच आइपीएल 2024 की सुंदर ट्रॉफी भी देखी जा सकती है। ये फोटोशूट चेन्नई में कराया गया है। इस फोटोशूट की 4 तस्वीरें इंडियन प्रीमियर लीग के ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर पोस्ट की गई हैं। इस तस्वीरों में अय्यर और कमिंस रेत के बीचों-बीच एक नाव में नजर आ रहे हैं, जहां दोनों कप्तान ट्रॉफी के साथ फोटो क्लिक करवाते हुए नजर आ रहे हैं। इस फोटोशूट के दौरान



दोनों कप्तान को पीछे फैंस की कॉफी ज्यादा भीड़ भी नजर आ रही है। इसके अलावा एक फोटो में दोनों कप्तान एक मॉल के पास ओटो में नजर आ रहे हैं, जहां अय्यर ओटो में बैठे हुए हैं और कप्तान कमिंस ओटो के पीछे खड़े हुए नजर आ रहे हैं।



## फाइनल जीतने वाली टीम को मिलेंगे 20 करोड़, उप-विजेता और तीसरे-चौथे नंबर वाली टीम भी होगी मालामाल

आइपीएल 2024 का फाइनल केकेआर और हैदराबाद में से जो भी टीम जीतेगी उसे प्राइजमनी के रूप में 20 करोड़ रुपये दिए जाएंगे तो वहीं उप-विजेता टीम को 13 करोड़ की राशि दी जाएगी। इस सीजन में राजस्थान रॉयल्स तीसरे नंबर पर रही है और उसे प्राइज के रूप में 7 करोड़ की राशी दी जाएगी जबकि चौथे नंबर पर रहने वाली आरसीबी को 6.5 करोड़ रुपये ईनाम के रूप में मिलेगी। आरसीबी एलिमिनेटर मुकाबले में राजस्थान के हार गई थी और चौथे नंबर पर रहते हुए अपने अभियान का समापन किया था।

### ऑरेंज कैप विजेता को मिलेगा 15 लाख

आइपीएल में विजेता, उप-विजेता टीमों को ईनामी राशि तो दी ही जाती है इसके अलावा और भी कई अवॉर्ड दिए जाते हैं। इन अवॉर्ड में ऑरेंज कैप, पर्पल कैप भी शामिल हैं। ऑरेंज कैप सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज को दिया जाता है और इसे जीतने वाले खिलाड़ी को 15 लाख रुपये मिलते हैं। वहीं पर्पल कैप सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज को दिया जाता है और जो गेंदबाज ये खिताब जीतेगा उसे उसे भी 15 लाख रुपये ईनाम के तौर पर दिया जाएगा। इस सीजन में जो खिलाड़ी इमर्जिंग प्लेयर का खिताब जीतेगा उसे 20 लाख रुपये की ईनामी राशि दी जाएगी। इस बार ऑरेंज कैप की रेस में विराट कोहली तो वहीं पर्पल कैप की रेस में हर्षल पटेल सबसे आगे हैं।

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 741 |
| गायकबाड | चेन्नई | 583 |
| पराग | राजस्थान | 567 |
| हेड | हैदराबाद | 533 |
| साई | गुजरात | 527 |

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल | पंजाब | 24 |
| बुमराह | मुंबई | 20 |
| वरूण | कोलकाता | 20 |
| अर्शदीप | पंजाब | 19 |
| देशपांडे | चेन्नई | 18 |

## कमिंस ने की कुंबले की बराबरी

पैट कमिंस ने दिग्गज अनिल कुंबले के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। एक आइपीएल सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बतौर कप्तान कमिंस दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। कमिंस के इस सीजन 17 विकेट हो गए हैं। कुंबले ने भी 2010 में आरसीबी की कप्तानी करते हुए 17 विकेट चटकाए थे। इस लिस्ट में 19 विकेट के साथ शेन वॉर्न टॉप पर हैं।

## आइपीएल की क्लोजिंग सेरेमनी में अमेरिकी बैंड का होगा परफॉर्मेंस

**चेन्नई।** आइपीएल 2024 का फाइनल मुकाबला से पहले क्लोजिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। विश्व प्रसिद्ध रॉक बैंड इमेजिन ड्रैगन्स आइपीएल फाइनल में परफॉर्म करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बैंड ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो के जरिए इस खुशखबरी को फैंस के साथ शेयर किया। स्टार स्पोर्ट्स द्वारा शेयर किए गए ट्विटर पोस्ट में खुद बैंड के लीड सिंगर डैन रेनॉल्ड्स ने इस बात की पुष्टि की है कि वह आइपीएल सीजन 17 के समापन समारोह में मौजूद रहेंगे। वीडियो में रेनॉल्ड्स



काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं और कहते हैं- यह वही मंच है जिसका हम इंतजार कर रहे थे। वह लम्हा आ गया है। विराट द GOAT, वह सभी फैंस के लिए भगवान की तरह हैं। आइपीएल परफॉर्मेंस से पहले इमेजिन ड्रैगन्स ने पिछले साल जनवरी के 28 और 29 तारीख को मुंबई में हुए एक म्यूजिक फेस्टिवल में परफॉर्म किया था। अमेरिका का लोकप्रिय रॉक बैंड इमेजिन ड्रैगन्स का गठन 2008 में हुआ था और अब यह पूरी दुनिया के टॉप बैंड में शामिल है। इमेजिन ड्रैगन्स को अपने पहले सिंगल इट्स टाइम के रिलीज होने के बाद दुनिया भर में पहचान मिली।

## मेरी गेंदबाजी से पिता व युवराज खुश होंगे : अभिषेक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अभिषेक शर्मा ने बीते दिनों सनराइजर्स हैदराबाद को राजस्थान रॉयल्स पर क्वालीफायर-2 में 36 से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभिषेक ने 176 रनों का पीछा कर रही राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन (10) और शिम्रोन हेटमेयर (4) के विकेट निकाले थे। उन्होंने अपने 4 ओवर में महज 24 रन देकर 2 विकेट ली थीं। 23 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उनके पिता और पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह उनके गेंदबाजी प्रदर्शन को देखकर खुश होंगे। अभिषेक ने पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि मेरे पिता बहुत खुश होंगे, वह बाएं हाथ के स्पिनर थे। वह मेरी गेंदबाजी पर काफी मेहनत कर रहे हैं। किसी तरह, मुझे पता था कि अगर मैं अपनी गेंदबाजी पर काम करता रहा तो मैं अपनी टीम के लिए योगदान दे सकता हूं क्योंकि मेरे पास वह है।

## हार्दिक-नताशा तलाक केस में नया मोड़, क्रुणाल की हुई एंट्री

एजेंसी

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर हार्दिक पंड्या और नताशा स्टेनकोविक के तलाक की खबरों के बीच एक नया अपडेट सामने आया है। इस बारे में जानकार आप भी चौंक जाएंगे। जैसे तमाम सोशल मीडिया यूजर्स हो रहे हैं। दरअसल, हार्दिक पंड्या के बड़े भाई क्रुणाल पंड्या ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है, जिसमें उन्होंने हार्दिक पंड्या के बेटे अगस्त्य और



अपने बेटे कवीर को गोद में लेकर फोटो शेयर की है। इस तस्वीर पर नताशा स्टेनकोविक ने कमेंट किया है। नताशा ने दिलकश इमोजी लगाई है, जिसके बाद यूजर्स अब अपने-अपने हिसाब से इसका मतलब निकाल रहे हैं। अफवाहों की माने तो 25 मई को Reddit पर एक पोस्ट आया, जिसके मुताबिक नतासा ने न केवल इंस्टाग्राम पर हार्दिक के साथ अपनी कुछ पुरानी तस्वीरें हटा दी हैं, बल्कि अपने यूजन नेम से पंड्या नाम भी हटा दिया है।

## बारिश से कोलकाता का नेट सत्र धुला गंभीर ने चेक की लाल मिट्टी से बनी पिच

एजेंसी

**चेन्नई।** तेज बारिश के कारण रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल मुकाबले से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के अंतिम अभ्यास सत्र में बाधा उत्पन्न हुई। टीम ने शनिवार को अभ्यास सत्र आयोजित नहीं करने का फैसला किया था। केकेआर की टीम को शाम में अभ्यास करना था लेकिन फुटबॉल के साथ वार्मअप कर रहे थे तभी बारिश होने लगी। इससे खिलाड़ियों को पवेलियन की तरफ लौटना पड़ा। इस दौरान मैदानकर्मियों ने फाइनल में इस्तेमाल होने वाले जल्दी से चौथी पिच को ढक दिया। दूसरा क्वालीफायर काली मिट्टी की पिच पर खेला गया जिससे स्पिनरों और धीमी गति के गेंदबाजों को काफी मदद मिली। फाइनल में लाल मिट्टी वाली पिच का इस्तेमाल होगा इस पर शुक्रवार की तुलना में गेंद बेहतर तरीके से बल्ले पर आने की उम्मीद है। पिच को ढके जाने से पहले केकेआर के मेंटोर गौतम गंभीर ने मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित और गेंदबाजी कोच भरत अरुण के साथ लंबे समय तक उसका करीब से निरीक्षण किया। रविवार को बारिश का पूवार्नुमान नहीं है लेकिन उमस के साथ बादल छाए रहने की संभावना जताई गई है।

## अहमदाबाद में ऑल इंडिया वाडोकाई नेशनल कराटे प्रतियोगिता का आयोजन

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में छठी ऑल इंडिया वाडोकाई नेशनल कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि छठी ऑल इंडिया वाडोकाई नेशनल कराटे प्रतियोगिता का आयोजन गुजरात वाडोकाई कराटे एसोसिएशन के आयोजक पी के बंसल, अध्यक्ष हांसी राजेश अग्रवाल और महासचिव डॉ. दुब्रोतो दास, एडवोकेट विरल अग्रवाल आदि ने 25 से 26 मई तक अहमदाबाद शहर में कांकरिया तालाब के पास एका क्लब में आयोजित किया है।

## भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, 6 गोल्ड सहित जीते कुल 17 पदक

**कोबे (जापान)।** विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का दबदबा कायम है। शनिवार को सिमरन शर्मा ने महिलाओं की 200 मीटर टी12 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता और भारत के लिए पदकों की बारिश जारी रखी। प्रीति पाल ने महिलाओं की 100 मीटर टी35 श्रेणी में कांस्य के साथ चैंपियनशिप का अपना दूसरा पदक जीता। प्रीति ने इससे पहले इसी वर्ग में 200 मीटर में कांस्य पदक जीता था। भारत के नवदीप ने पुरुषों की भाला फेंक एफ41 श्रेणी में सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 42.82 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। शनिवार के पदकों के साथ भारत के पदकों की संख्या 6 स्वर्ण, 5 रजत और 6 कांस्य सहित 17 तक पहुंच गई, जो 2023 की पदक संख्या को पार चुकी है। इस तरह भारत ने इस साल प्रतियोगिता के इतिहास में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।

## विरोध के बाद एफ 46 में भारत को मिला रजत व कांस्य पदक

एजेंसी

**कोबे।** भारत को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की एफ46 भाला फेंक स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे श्रीलंका के दिनेश प्रियंथा हेराथ के खिलाफ शिकायत सही साबित होने पर रजत और कांस्य पदक दिया गया है। पुरुषों के एफ46 भाला फेंक में भारत के रिंकू हुड्डा और अजीत सिंह तीसरे और चौथे स्थान पर रहे थे लेकिन भारत ने विरोध दर्ज किया था कि हेराथ इस वर्ग में भागीदारी के योग्य नहीं हैं। पैरा खेलों में समान शारीरिक अक्षमता वाले खिलाड़ियों को एक समूह में रखा जाता है ताकि प्रतिस्पर्धा बराबरी की हो। एफ46 वर्ग भुजा में कमी, कमजोर मांसपेशियों वाले या बाहों में गति की निष्क्रिय सीमा वाले एथलीटों के लिए है, जिसमें एथलीट खड़े होकर प्रतिस्पर्धा करते हैं। भारतीय पैरालंपिक समिति के एक अधिकारी ने कहा, 'हेराथ एफ46 श्रेणी का था ही नहीं। भारत के पक्ष में फैसला आने के बाद हेराथ को अयोग्य करार दिया गया। रिंकू को रजत और अजीत को कांस्य पदक दिया गया। मुख्य कोच सत्यनारायण ने कहा, 'हमने श्रीलंकाई खिलाड़ी के खिलाफ विरोध दर्ज कराया था जो टोक्यो पैरालम्पिक में भी स्वर्ण जीत चुका है। वह इस वर्ग में भाग्य लेने की योग्यता नहीं रखता। अब रिंकू को रजत और अजीत को कांस्य पदक दिया गया है।'भारत अब पांच स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य के साथ छठे स्थान पर है। यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले पेरिस में 2023 में भारत ने तीन स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक जीते थे ।

## ठक्कर-शाह की जोड़ी सेमीफाइनल में

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के मानव ठक्कर और मायुष शाह की जोड़ी ने घरेलू ब्राजील की जोड़ी फिलिप डोटी और लुकास रोमांसकी को क्वार्टरफाइनल में 3-0 से हराकर डब्लूटीटी कन्टेंडर के पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारतीय जोड़ी को इस मुकाबले में दावेदार नहीं माना जा रहा था, लेकिन उन्होंने ब्राजीली जोड़ी को कोई मौका न देते हुए पहले गेम में दबदबा बनाया। पहला गेम 11-4 से जीतने के बाद भारतीय जोड़ी ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और अगले दो गेम 11-6, 11-6 से जीतकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। इससे पहले राउंड 16 के मैच में भारतीय जोड़ी ने पहला गेम हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए ब्राजील के हेनरिक नोगुटे और जून शिम को 30 मिनट तक चले मैच में 3-1 (7-11, 11-5, 11-1, 12-10) से हरा दिया।

### दो तरह के होते हैं डब्ल्यूटीटी कंटेंडर



डब्ल्यूटीटी कंटेंडर श्रृंखला दो इवेंट स्तर पेश करती है- डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर और डब्ल्यूटीटी कंटेंडर- जो विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धा प्रदान करते हैं। खिलाड़ी आइटीटीएफ टेबल टेनिस विश्व रैंकिंग अंकों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। मैच अधिक पारंपरिक टेबल टेनिस सेटिंग्स में खेले जाते हैं। डब्ल्यूटीटी कंटेंडर सीरीज इवेंट डब्ल्यूटीटी सीरीज की धड़कन होंगे और खिलाड़ियों को रैंकिंग और डब्ल्यूटीटी चैंपियंस और ग्रैंड स्मैश इवेंट में नई संरचना के जरिये प्रगति करने के लिए एक महत्वपूर्ण मार्ग प्रदान करेंगे। डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर इवेंट छह दिनों तक होंगे और डब्ल्यूटीटी कंटेंडर इवेंट चार दिनों का, जिसमें प्रत्येक इवेंट में पुरुष और महिला एकल, पुरुष और महिला युगल और मिश्रित युगल स्पधाएं होंगी। डब्ल्यूटीटी कंटेंडर इवेंट में महिला और पुरुषों में 32 खिलाड़ियों का एकल मुख्य ड्रॉ, 16-जोड़ी युगल और 8-जोड़ी मिश्रित युगल शामिल होंगे।

## सिंधु मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंची

एजेंसी

**कुआलालंपुर (थाईलैंड)।** भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने शनिवार को यहां चल रहे मलेशिया मास्टर्स के महिला एकल सेमीफाइनल मैच में बड़ा उलटफेर करते हुए फाइनल में जगह बनाई। भारत की शीर्ष महिला एकल शटलर ने एक घंटे और 28 मिनट तक चले कड़े सेमीफाइनल मुकाबले में थाईलैंड की इन-फॉर्म बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ 13-21, 21-16, 21-12 से असाधारण वापसी करते हुए साल के अपने पहले फाइनल में प्रवेश किया। दो बार की ओलंपिक



पदक विजेता पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु को पहले सेट में सानन ओंगबामरुंगफान से 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस सेट में सिंधु थाईलैंड की टॉप-सीड खिलाड़ी के सामने लाचार नजर आईं और बुसानन ने इस सेट में उन्हें वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। इसके बाद दूसरे सेट में दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी पीवी सिंधु ने आक्रामक शुरूआत की और बुसानन को 21-16 से हराकर दूसरे सेट को अपने नाम कर लिया। फिर तीसरे और निर्णायक सेट में भारत की स्टार शटलर सिंधु ने कोई गलती नहीं की और बुसानन को वापसी का कोई मौका नहीं देते हुए तीसरे सेट को 21-12 से अपने नाम कर मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई। सिंधु का यह साल का पहला और इहक्रवर्ल्ड टूर सुपर 500 इवेंट में चौथा फाइनल भी है।

## शाहीन अफरीदी ने क्यों ठुकराया पाकिस्तान के उप-कप्तान का पद

**बर्मिंघम।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने 1 जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले आगामी 2024 पुरुष टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान के उप-कप्तान बनने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। शनिवार को एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चयन समिति ने पुरुष टी20 विश्व कप के लिए शाहीन को बाबर आजम के डिप्टी के रूप में नामित किए जाने की संभावना जताई थी, लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।

## अभिमन्यु लौरा ने क्रिस्टियान को हराया

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अभिमन्यु लौरा ने शनिवार को बैंकॉक में पेरिस ओलंपिक के लिए दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में 80 किग्रा वर्ग में बुल्गारिया के क्रिस्टियान निकोलोव को रोमांचक पहले दौर में हराने के लिए अपना कभी न हार मानने वाला रवैया दिखाया। लौरा की शुरूआत धीमी रही और 10 बार के बल्गेरियाई राष्ट्रीय चैंपियन ने शुरूआती दौर में बढ़त बना ली। इस मैच में 21 वर्षीय भारतीय मुक्केबाज ने तुरंत गियर बदला और दूसरे राउंड में आक्रामक हो गए और पांच में से चार जजों ने उनके पक्ष में वोट देकर राउंड के लिए बढ़त देने का अधिकार हासिल कर लिया। भारतीय खिलाड़ी ने तीसरे और अंतिम राउंड में भी मुक्कों की झड़ी जारी रखी और अंततः मुकाबला 3-0 से जीत लिया और बैंकॉक में भारतीय दल के लिए दो में से दो जीत सुनिश्चित कर दी।

## भारतीय महिला तीरंदाजों ने तुर्की को हराकर स्वर्ण पदक की लगायी हैट्रिक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** साउथ कोरिया में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप में भारतीय टीम ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया है। ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की तिकड़ी ने तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप में तुर्की को एकतरफा कंपाउंड महिला टीम फाइनल में 232-226 से हराकर लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता है। इस जीत के बाद इस तिकड़ी ने शानदार हैट्रिक लगाई है। इससे पहले भारत की इस तिकड़ी ने फ्रांस और इटली में स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय दल ने इस विश्व कप की



शुरूआत प्रभावशाली तरीके से की। भारत ने पहले राउंड में एक अंक की बढ़त ले ली और इसके बाद दूसरे राउंड में वैसा ही प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने पांच परफेक्ट 10 और एक 9 का स्कोर किया, जिससे टूनामेंट के आधे सफर तक उनको चार अंकों तक पहुंच गया। प्रतियोगिता में तुर्की के फिर से पैर जमाने की कोशिश के बावजूद, भारतीय दल ने चौथे राउंड में अपनी चार अंकों की बढ़त बनाए रखी और अंतिम राउंड में 58 का स्कोर बनाकर प्रतियोगिता को सुरक्षित करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया। ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी तीरंदाजी में भारत की सबसे सफल खिलाड़ी हैं। भारत की इस प्रतियोगिता में एक और स्वर्ण पदक की उम्मीदें अभी भी जीवित हैं, प्रथमेश फुगे ने टूनार्मेंट के फाइनल में जगह पक्की कर ली है, जहां वह अपना पहला व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण जीतने के लिए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जेम्स लुत्ज से भिड़ेंगे।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में बेल्जियम को हराया

**एंटवर्प।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर शनिवार को खेले गये मुकाबले में बेल्जियम को शूटआउट में 4-2 से हराया। शनिवार को हुये मुकाबले में निर्धारित समय में स्कोर 2-2 से बराबर होने के बाद हुए शूटआउट में भारतीय जूनियर महिला टीम ने 4-2 से जीत दर्ज की। भारत की ओर कनिका सिवाच ने दो गोल दागे। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने पहले क्वार्टर में तेजी से अपनी फॉर्म हासिल करते हुए खुद को मजबूत किया। भारत को शुरूआती पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे कनिका सिवाच गोल में तब्दील कर बढ़त बनाई। इसके तुरंत बाद कनिका ने उसी क्वार्टर में अपना दूसरा गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर और हाफटाइम तक भारत ने अपनी मजबूत स्थिति को बनाये रखा। बेल्जियम को तीसरे क्वार्टर में मौके मिले लेकिन भारतीय रक्षात्मक पंक्ति ने विफल कर दिया। अंतिम क्वार्टर में बेल्जियम ने अंततः शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए लगातार दो गोल करते हुए स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद हुये शूटआउट में भारत ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4-2 से मुकाबला जीत लिया। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का अगला मैच 26 मई को ब्रेडा में जर्मनी होगा।

